Std. IV . Hindi Lit.

L- 10 . होली

शब्दार्थ

सिहर उठना - डर जाना

समाप्त - खत्म

स्वयं - खुद

प्रश्न और उत्तर

प्रश्न 1. लेखक का मन कब रोमांच से भर उठता है ?

उत्तर - होली का नाम सुनते ही लेखक का मन रोमांच से भर उठता है ।

प्रश्न 2. होली के दिन कौन-कौन से नए पकवान बनते हैं ?

उत्तर - होली के दिन गुझिया ,पुआ ,पूड़ी ,दहीबड़ा आदि नए पकवान बनते हैं।

प्रश्न 3. होली की शाम लेखक के घर डॉक्टर क्यों आए थे ?

उत्तर - अनजाने में लेखक ने रंगों से भरा गुब्बारा अपने दादाजी को मार दिया था। जिससे उनका चश्मा टूट कर शीशे का एक टुकड़ा उनकी आँख में चला गया था। इसलिए होली की शाम लेखक के घर डॉक्टर दादाजी का इलाज करने आए थे।

प्रश्न 4. इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

उत्तर - इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि त्योहार के नाम पर अपनी खुशी मनाने के लिए हमें किसी को भी दुखी नहीं करना चाहिए ।

प्रश्न 5. बुरा न मानो होली है -- कहने के पीछे मन में क्या भावना होती है ?

उत्तर - होली में सभी एक दूसरे को रंगों से सराबोर कर देते हैं ।कुछ लोगों को रंग लगाना और लगवाना पसंद नहीं होता है।इसलिए उनकी नाराज़गी को दूर करने के लिए कहते हैं कि बुरा मत मानिएगा क्योंकि होली है ।

प्रश्न 6. पिताजी माँ की मदद करने रसोई में क्यों गए ?

उत्तर -- होली के दिन माँ को बहुत सारे पकवान बनाने थे। अकेली वह रसोई में बहुत परेशान हो रही थीं । इसलिए पिताजी माँ की मदद करने रसोई में गए ।

प्रश्न 7. सूरज ढलने पर बच्चों ने क्या योजना बनाई?

उत्तर - सूरज ढलने पर बच्चों ने छत पर चढ़कर रंग भरे गुब्बारों से सड़क पर आते-जाते लोगों को मारने की योजना बनाई ।

प्रश्न 8. गुब्बारों का प्रयोग क्यों नहीं करना चाहिए ?

उत्तर - गुब्बारों से किसी को भी लेखक के दादाजी की तरह गंभीर एवं घातक चोट लग सकती है। इसलिए हमें गुब्बारों का प्रयोग करना नहीं करना चाहिए ।

प्रश्न 9. लेखक ने क्या कसम खाई और क्यों ?

उत्तर - लेखक ने यह कसम खाई कि फिर कभी वे किसी पर गुब्बारे नहीं फेकेंगे । ऐसा इसलिए कि गुब्बारों के कारण ही उनके दादाजी की आँख जाते - जाते बची थी ।

प्रश्न 10. होली की शाम लेखक ने अपने दोस्तों को क्यों बुलाया ?

उत्तर -- होली की शाम लेखक ने अपने दोस्तों को गुब्बारों से होली खेलने के लिए बुलाया ।

प्रश्न 11.गुब्बारा फेंकने के बाद बच्चे पीछे क्यों हट गये ?

उत्तर - कोई देख न ले , इसलिए गुब्बारा फेंकने के बाद बच्चे पीछे हट गये ।

प्रश्न 12.लेखक स्वयं को माफ़ क्यों नहीं कर पाया ?

उत्तर - लेखक की गलती से उनके दादाजी को चोट लगी थी ।इसलिए लेखक स्वयं को माफ़ नहीं कर पाया ।

भाषा संसार

प्रश्न 1. नीचे दिए गये शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए ।

गुब्बारा -- गुब्बारे

थैला -- थैले

योजना -- योजनाएँ

कथा -- कथाएँ

याद -- यादें

सड़क -- सड़कें

बाल्टी -- बाल्टियाँ

पट्टी -- पट्टियाँ

प्रश्न 2 . दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

होली -- फाग , होली

माँ -- जननी , माता

दोस्त -- मित्र , सखा

हाथ -- हस्त , पानी

शरीर -- तन , काया

पिता -- तात , जनक

आँख -- चक्षु ,नयन

बच्चा -- बालक , बाल

प्रश्न 3. दिए गए विशेष्य (जिनकी विशेषता बताई जाए )शब्दों के लिए उचित विशेषण शब्द लिखिए।

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| लाल | रंग |
| रंगीन | गुब्बारे |
| मीठी | गुझिया |
| घायल | दादाजी |
| नाराज़ | पिताजी |
| सूनी | सड़क |

प्रश्न 4. इन मुहावरों के अर्थ जानिए और वाक्य में पिरोइए।

(क) काटो तो खून नहीं -- बहुत डर जाना -- रास्ते में अचानक साँप देखकर मुझे काटो तो खून नहीं था ।

(ख)अँधेरे में रखना -- छिपाकर रखना -- हमें अपने माता-पिता को कभी अँधेरे में नहीं रखना चाहिए व सब कुछ सच -सच बता देना चाहिए।

(ग)घड़ों पानी पड़ जाना -- बहुत लज्जित होना -- झूठा साबित होने पर मोहन पर घड़ों पानी पड़ गया ।

(घ) नौ दो ग्यारह होना -- भाग जाना -- माली को देखते ही बच्चे बगीचे से नौ दो ग्यारह हो गए ।